राजस्थान सरकार

न्यायालय जिला कलक्टर, बालोतरा

पीठासीन अधिकारी : सुशील कुमार, आई0ए0एस0

राजस्व अपील सं. 16/2026

प्रार्थी :–

1. चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड, पंजिकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय–डेयर हाउस, 2 एन. एस.सी. बॉस रोड़, पेरयास, चैन्नई। शाखा कार्यालय– द्वितीय मंजिल, किया कुम्भट शो रूम के उपर, प्रताप नगर रोड़, टेम्पों स्टेण्ड के पास, जोधपुर, 342001 राजस्थान जरिये प्राधिकृत अधिकारी श्री प्रवीण माथुर।

बनाम

अप्रार्थीगणः –

1. श्री भोलाराम पुत्र श्री घीसूलाल जी निवासी सेकंड रेलवे क्रॉसिंग, बालोतरा, जिला बालोतरा तथा दुकान संख्या 25 विजय शांति मार्केट, वंदना पेट्रोल पंप के पास, खेड रोड़ बालोतरा।
2. श्री महादेव जेरला रोड़, बारात जी का चोराह, बालोतरा, जिला बालोतरा।
3. श्रीमती सुशीला भोलाराम पत्नी श्री भोलाराम निवासी सेकंड रेलवे क्रॉसिंग, आगंड़िया गली, बालोतरा, जिला बालोतरा।

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002

उपस्थिति :–

1.श्री संजय गुप्ता, मोनिका अग्रवाल अधिवक्ता (प्रार्थीपक्ष)

आदेश

दिनांकः– 06.05.2026

1. प्रार्थी की ओर से यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अप्रार्थीगण **भोलाराम व अन्य** के विरूद्व पेश हुआ।

2. प्रार्थना पत्र के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी बैंक/वित्तीय कम्पनी के द्वारा अप्रार्थीगण को सेक्शन लेटर दिनांक 31.01.2023 को ऋण खाता संख्या HE01BLT00000037242 को राशि रूपये 66,00,000/–(अक्षरे छाछठ लाख हजार रूपये) तथा दिनांक 13.06.2024 को ऋण खाता संख्या HE01BLT00000076778 को कुल राशि रूपये 17,50,000/–(अक्षरे सत्रह लाख पच्चास हजार रूपये) मोर्टगेज ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई तथा पुनर्भुगतान हेतु अप्रार्थी की मारगेज बंधक संपति के समस्त अंश व खण्ड अण्डस्ट्रीयल भूखण्ड संख्या डी 351बी 1 चतुर्थ चरण, औद्योगिक क्षेत्र बालोतरा, जिला बालोतरा, जिसका क्षेत्रफल 2000.27 वर्गमीटर तथा जिसकी चतुर्थ सीमांए उतर में भूखण्ड संख्या डी 351 बी, दक्षिण में भूखण्ड संख्या एसपी 346, पूर्व में भूखण्ड का दरवाजा व आगे आम रास्ता व पश्चिम में भूखण्ड संख्या डी 347 आया हुआ है, को प्रार्थी बैंक /कम्पनी के पक्ष में रहन/हाईपोथिकेशन कर दिया। अप्रार्थीगण द्वारा नियमित रूप से प्रार्थी बैंक/कम्पनी

जिला कलक्टर
बालोतरा

को ऋण का भुगतान करने में असफल रहने पर प्रार्थी द्वारा ऋण राशि मय ब्याज के अदा करने हेतु उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थी के नाम से नोटिस जारी किये गये तथा नोटिस प्राप्ति/सूचना के पश्चात भी अप्रार्थीगण द्वारा ऋण राशि मय ब्याज **दिनांक 06.10.2025 तक** 83,22,323/– रूपये भुगतान नहीं करने पर प्रार्थी बैंक ने अप्रार्थीगण के द्वारा बतौर जमानत रहन/हाईपोथिकेशन रखी गई सम्पति का कब्जा प्रार्थी बैंक को सम्भलाने हेतु यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया।

3. हमने पत्रावली एवं प्रस्तुत दस्तावेजात का अवलोकन किया एवं मनन किया। अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थी बैंक/कम्पनी के द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस जारी करने के पश्चात भी मांग की गई राशि का अप्रार्थीगण द्वारा भुगतान नहीं किया गया है। न्यायिक दृष्टान्त, माननीय उच्च न्यायालय कर्नाटक की रिट याचिका संख्या 9694/2005 सुनन्दा कुमारी वगैरह बनाम स्टैण्डर्ड चार्टेट बैंक में पारित निर्णय दिनांक 23.03.2006 के अनुसार ऋणी को धारा 13 की उप धारा के तहत नोटिस जारी किया जाने व तामिल के पश्चात मजिस्ट्रेट को धारा 14 के तहत आदेश पारित करने से पूर्व पुनः ऋणी को नोटिस जारी करने की आवश्यकता नहीं है। The Securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of securities interest Act 2022 की धारा 14 में उक्त रहन की गई सम्पति का कब्जा प्रार्थी को दिलाये जाने बाबत स्पष्ट प्रावधान है, जो इस प्रकार है:–

14. Chief Metropolitan Magistrate or District Magistrate to assist secured creditor in taking possession of secured asset

(1) Where the possession of any secured assets is required to be taken by the secured creditor or if any of the secured assets is required to be sold or transferred by the secured creditor under the provisions of this Act, the secured creditor may, for the purpose of taking possession or control of any such secured assets, request, in writing, the Chief Metropolitan Magistrate or the District Magistrate within whose jurisdiction any such secured asset or other documents relating thereto may be situated or found, to take possession thereof, and the Chief Metropolitan Magistrate or as the case may be, the District Magistrate shall, on such request being made to him—

(a) take possession of such asset and documents relating thereto; and

(b) forward such asset and documents to the secured creditor:

(2) For the purpose of securing compliance with the provisions of sub-section (1), the Chief Metropolitan Magistrate or the District Magistrate may take or cause to be taken such steps and use, or cause to be used, such force, as may, in his opinion, be necessary.

4. अतः उक्त अधिनियम की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों के तहत प्रार्थी बैंक/कम्पनी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। अप्रार्थी ऋणी की ओर से प्रार्थी के

जिला कलक्टर
बालोतरा

पक्ष में बंधक आवासीय अचल सम्पति आवासीय रिहायशी :– अप्रार्थी की मारगेज बंधक संपति के समस्त अंश व खण्ड अण्डस्ट्रियल भूखण्ड संख्या डी 351बी 1 चतुर्थ चरण, औद्योगिक क्षेत्र बालोतरा, जिला बालोतरा, जिसका क्षेत्रफल 2000.27 वर्गमीटर तथा जिसकी चतुर्थ सीमांए उतर में भूखण्ड संख्या डी 351 बी, दक्षिण में भूखण्ड संख्या एसपी 346, पूर्व में भूखण्ड का दरवाजा व आगे आम रास्ता व पश्चिम में भूखण्ड संख्या डी 347 आया हुआ है, को बतौर जमानत प्रार्थी बैंक/कम्पनी के पास बन्धक रखा था। जिसका भौतिक कब्जा व उससे संबंधित अन्य दस्तावेज जो अप्रार्थी के कब्जें में हों को प्रार्थी बैंक/कम्पनी द्वारा संबंधित पुलिस थाना इमदाद प्राप्त कराये जाने के आदेश दिये जाते है। आदेश की प्रति पुलिस अधीक्षक, बालोतरा को उक्तानुसार पालनार्थ, संबंधित पुलिस थाना को निर्देशित करने हेतु प्रेषित हों। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर के एस बी सिविल रीट पीटिशन नंबर 14419/25 में पारित आदेश दिनांकित 30.10.2025 के अनुसार प्रार्थी को पुलिस इमदाद बाबत् खर्चा जमा कराने की आवश्यकता नहीं है। आदेश की एक प्रति प्रार्थी बैंक/कम्पनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही जारी हो।

5. आदेश आज दिनांक **06.05.2026** को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सुशील कुमार)
जिला मजिस्ट्रेट बालोतरा